(c), (d) and (e) The backlog in regularv acancies upto 1988-89 has been reported to the Department of Personnel and Training who are the (central recruitment authority for these posts of Central Secretariat Service. Nominations are yet to be received from them.

(f) The backlog of regular vacancies intimated to the Department of Personnel and Training is given in the Table below:

Category	S.C.	S.T.
Group 'B'.....	4	*6*
Group *'C'*	1	*5*

टेलीफोन निदेशिकाओं के मुद्रण में विलंब

1154. **श्री गोपालसिंह जी० सोलंकी :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि मुद्रकों और ठेके संबंधी समस्याओं के कारण गुजरात के कुछ क्षेत्रों में टेलीफोन निदेशिकाएं मुद्रित नहीं की गई है;

(ख) यदि हां, तो मुद्रकों और ठेकेदारों के विरुद्ध उनके नाम काली सूची में शामिल किए जाने सहित क्या कार्यवाही की गई है;

(ग) क्या यह सच है कि इस संबंध में नियमों की जानकारी न होने के कारण इलैक्ट्रॉनिक टेलीफोन निदेशिकाओं के मुद्रण में विलम्ब के लिए टेलीफोन अधिकारी भी जिम्मेदार थे; और

(घ) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

संचार मंत्रालय में उप मंत्री (श्री पी०वी० रंगैया नायडू) : (क) जी हां।

गुजरात के निम्नलिखित गौण स्विचन क्षेत्रों (एसएसए) के लिए टेलीफोन डायरेक्टरियों का नियमित मुद्रण नहीं किया जा रहा है :—

(i) भड़ौच

(ii) अमरेली

(iii) अहमदाबाद ग्रामीण।

(ख) से (घ) जानकारी एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी।

विभागेत्तर कर्मचारी (ई०डी०ई०) प्रणाली के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारी

1155 **श्री राम नरेश यादव :** क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) विभागेत्तर कर्मचारी प्रणाली के अन्तर्गत कुल कितने कर्मचारी कार्यरत हैं और उन पर प्रतिवर्ष कितना व्यय किया जाता है;

(ख) क्या सरकार ने इन कर्मचारियों की दशा को सुधारने के लिए कोई योजना तैयार की है, यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं :

(ग) क्या सरकार ने विभागेत्तर प्रणाली के अन्तर्गत कार्यरत कर्मचारियों की मांगों पर विचार करने के लिए एक समिति का गठन किया है और यदि हां, तो उस समिति के प्रतिवेदन का ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या सरकार इसकी सिफारिशों को लागू करने का विचार रखती है, यदि नहीं तो इसके क्या कारण हैं ?